<u>परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय मैसुरु</u>

ग्रीष्मकालीन अवकाश गृह कार्य

कक्षा - IX

विषय - हिंदी

---

निर्देश: -1. सभी कार्य करना आवश्यक है ।

2. सभी कार्य 40 पृष्ठों की अभ्यास पुस्तिका में करने हैं।

3. सुंदर लेख लिखें और स्वच्छता का ध्यान रखें ।

4. प्रत्येक दिन हिंदी का एक पेज पढ़ना जरूरी है ।

---

## I. संज्ञा पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए।

1."भीड़" शब्द में कौन-सी संज्ञा है? (व्यक्तिवाचक / समूहवाचक)

2. 'हिमालय' शब्द संज्ञा के किस भेद के अंतर्गत आता है?

3. "सच्चाई" शब्द किस संज्ञा का उदाहरण है? (भाववाचक / जातिवाचक)

4. 'सुंदर' शब्द की भाववाचक संज्ञा क्या होगी?

5. "नदी" शब्द जातिवाचक है, तो "गंगा" शब्द क्या होगा?

6. वाक्य में संज्ञा पहचानिए: "पक्षी आकाश में उड़ रहे हैं।"

7. 'बुढ़ापा' संज्ञा का कौन-सा प्रकार है?

8. "पंडित जी भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे।"–यहाँ 'पंडित जी' में कौन-सी संज्ञा है?

9. 'मिठास' शब्द किस प्रकार की संज्ञा है?

10.जातिवाचक संज्ञा का एक उदाहरण लिखिए।

## II. सर्वनाम पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए।

11. "मैं अपना काम स्वयं कर लूँगा।"–रेखांकित शब्द में कौन-सा सर्वनाम है?

12. 'बाहर कोई खड़ा है।'–वाक्य में 'कोई' किस सर्वनाम का उदाहरण है?

13. "जो मेहनत करेगा, वह सफल होगा।"–वाक्य में 'जो-वह' कौन-सा सर्वनाम है?

14. मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम का एक उदाहरण दीजिए।

15. 'यह मेरी पुस्तक है।'–इसमें 'यह' कौन-सा सर्वनाम है?

16. प्रश्नवाचक सर्वनाम का प्रयोग करके एक वाक्य बनाइए।

17. 'हम' सर्वनाम का कौन-सा भेद है? (उत्तम पुरुष / अन्य पुरुष)

18. "दरवाजे पर कौन है?"–रेखांकित शब्द का सर्वनाम भेद बताइए।

19. 'स्वयं' और 'खुद' किस सर्वनाम के अंतर्गत आते हैं?

20. अनिश्चयवाचक सर्वनाम पहचानिए: "दूध में कुछ गिर गया है।"

## III. विशेषण पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए।

21. "काली गाय घास चर रही है।"–वाक्य में विशेषण शब्द क्या है?

22. 'दो किलो चीनी' में विशेषण का कौन-सा भेद है? (निश्चित परिमाणवाचक / संख्यावाचक)

23. "वह लड़का बुद्धिमान है।"–रेखांकित शब्द का विशेषण भेद बताइए।

24. 'थोड़ा' शब्द किस प्रकार का विशेषण है?

25. 'यह' जब किसी संज्ञा से पहले आकर उसकी विशेषता बताए, तो उसे क्या कहते हैं?

26. "कक्षा में चालीस छात्र हैं।"–विशेषण का भेद पहचानिए।

27. 'सुंदर' शब्द का प्रविशेषण लगाकर एक वाक्य बनाइए।

28. 'दया' शब्द से बनने वाला विशेषण शब्द क्या होगा?

29. गुणवाचक विशेषण का एक उदाहरण दीजिए।

30. "मुझे पाँच मीटर कपड़ा चाहिए।"–इसमें विशेषण और विशेष्य अलग कीजिए।

## IV. अर्थ के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए।

31. "शायद आज वर्षा हो।"–यह अर्थ के आधार पर कौन-सा वाक्य है?

32. "राम पढ़ रहा है।"–इसे निषेधवाचक वाक्य में बदलिए।

33. "अरे! इतनी बड़ी इमारत।"–यह किस प्रकार का वाक्य है?

34. "वहाँ मत जाओ।"–यह कौन-सा वाक्य भेद है? (आज्ञावाचक / विधानवाचक)

35. "ईश्वर तुम्हें लंबी आयु दे।"–इस वाक्य का भेद बताइए।

36. "यदि तुम पढ़ते, तो पास हो जाते।"–यह किस प्रकार का वाक्य है? (संकेतवाचक / संदेहवाचक)

37. प्रश्नवाचक वाक्य का एक उदाहरण लिखिए।

38. "क्या आप घर जा रहे हैं?"–यह किस भेद के अंतर्गत आता है?

39. "सदा सत्य बोलो।"–यह वाक्य किस श्रेणी में आता है?

40. "आज धूप नहीं निकली है।"–अर्थ के आधार पर वाक्य का नाम लिखिए।

**1.निम्नलिखित विषयों पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए-**

**(i) जीना मुश्किल करती महँगाई अथवा दिनोंदिन बढ़ती महँगाई**

संकेत बिंदु -* महँगाई और आम आदमी पर प्रभाव * कारण *महँगाई रोकने के उपाय* सरकार के कर्तव्य।

(ii) **भ्रष्टाचार की समस्या एवं समाधान**

संकेत बिंदु - * भूमिका * भ्रष्टाचार की परिभाषा * भ्रष्टाचार फैलने के कारण * समाधान

(iii) **मनोरंजन का बदलता स्वरूप**

संकेत बिन्दु : - * मनोरंजन की आवश्यकता * मनोरंजन के प्राचीन साधन * मनोरंजन के साधनों में बदलाव * आधुनिक साधनों के लाभ-हानियाँ।

**(iv) विदेशों के प्रति बढ़ता मोह**

संकेत बिन्दु: - विदेश के प्रति बढ़ता आकर्षण,आर्थिक संपन्नता , बेहतरीन जीवन-शैली

**(V) ऑनलाइन शिक्षा: शिक्षा जगत में नवीन क्रांति**

संकेत बिन्दु: - * वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अनिवार्यता * सकारात्मकप्रभाव * कमियाँ * सुझाव

**(vi) मीठी बोली का महत्व**

संकेत बिन्दु:- * मीठी बोली एक वरदान *लोकप्रियता का साधन * कटुवाणी के दुष्परिणाम

(vii) **आधुनिक युग में मोबाइल फोन**

**संकेत बिंदु:** * संचार का माध्यम, * इंटरनेट का उपयोग, * मनोरंजन, * दुष्प्रभाव और समाधान

(viii) **जल संरक्षण: कल की आवश्यकता**

**संकेत बिंदु:** * जल ही जीवन है, * संकट के कारण, * संरक्षण के उपाय, * हमारा कर्तव्य

(ix) **सोशल मीडिया: वरदान या अभिशाप**

- **संकेत बिंदु:** * सूचनाओं का आदान-प्रदान, * रचनात्मकता, * साइबर अपराध और भ्रामक खबरें, * निष्कर्ष

**(x) महिला सशक्तीकरण**

**संकेत बिंदु:** * समाज में महिलाओं का स्थान, * शिक्षा का महत्व, बढ़ते कदम, * * सरकारी योजनाएं

**2. (i)** अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए जिसमें शैक्षिक भ्रमण हेतु टूर आयोजित कराने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। आप महावीर सीनियर सेकेंड्री स्कूल प्रताप बाग, दिल्ली की छात्रा अनामिका हैं।

(ii) आपके शहर की सड़कों पर हो रहे गड्ढों के कारण लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। इसके संबंध में बताते हुए नवभारत टाइम्स अखबार में प्रकाशित करवाने के लिए 120 शब्दों में संपादक को एक पत्र लिखिए।

(iii) आपके विद्यालय के पुस्तकालय में हिंदी की पत्र-पत्रिकाओं और आधुनिक साहित्य की कमी है। इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुए अपने प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक प्रार्थना पत्र लिखिए।

(iv) अपने पिता जी को पत्र लिखकर सूचित कीजिए कि वार्षिक परीक्षा के लिए आपकी

तैयारी कैसी है।

(v) आप दिल्ली के रोहणी इलाके के रहने वाले शिवम हैं। मुंबई निवासी अपने मित्र सोहम को आपके विद्यालय में आयोजित हुई राज्य स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए एक पत्र लिखिए।

(vi) आपका छोटा भाई छात्रावास में रहता है और खेल-कूद में अधिक समय बिताने के कारण पढ़ाई में पिछड़ रहा है। उसे समय का सदुपयोग करने की सलाह देते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

(vii) आपके शहर में बढ़ते अपराधों और असुरक्षा के वातावरण पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

(viii) आपके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण आप विद्यालय शुल्क देने में असमर्थ हैं। अपनी स्थिति बताते हुए प्रधानाचार्य को 'शुल्क मुक्ति' हेतु लगभग 100 शब्दों में प्रार्थना पत्र लिखिए।

(ix) परीक्षा के बाद आप अपने गाँव या किसी हिल स्टेशन पर छुट्टियाँ बिताने जा रहे हैं। अपने मित्र को अपने साथ चलने का निमंत्रण देते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

(x) आपकी छोटी बहन मोबाइल फोन का अत्यधिक प्रयोग कर रही है, जिससे उसकी पढ़ाई और स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। उसे मोबाइल के सीमित प्रयोग की सलाह देते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।